# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 14.07.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर", अमर उजाला, आज, ज्ञानशिखा टाइम्स, राष्ट्रीय सहारा, तरुणमित्र न्यूज़, न्यायाधीश," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 14.07.2024

### वन विभाग के गेट के सामने धंसी सड़क, नोटिस

वाराणसी। सारनाथ से बरईपुर जाने वाले मार्ग पर वन विभाग के गेट के सामने धंसी सड़क का शनिवार को वाराणसी विकास प्राधिकरण के सचिव ने निरीक्षण किया। उन्होंने सीवर और पेयजल लाइन डालने वाली कार्यदायी संस्था को नोटिस जारी किया। बताया गया कि जहां सड़क धंसी हैं, वहीं नीचे सीवर और पेयजल की लाइन डाली गई है। सचिव ने बताया कि सड़क निर्माणाधीन है। कार्यदायी संस्था को हिदायत दी कि गुणवत्ता बनाए रख इसे ठीक करें। ब्यूरो

## आज–दि0 14.07.2024

### बरईपुर मार्ग का विप्रा सचिव ने किया औचक निरीक्षण

#### ठेकेदार को दी कड़ी चेतावनी

विप्रा सचिव डाक्टर वेद प्रकाश ने शनिवार को सारनाथ से बरईपुर जाने वाले मार्ग पर चल रहे निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने धंसी सड़क के विषय में कार्यदायी एजेंसी से पूछताछ की। जिसपर कार्यदायी एजेंसी ने विप्रा सचिव को बताया कि वन विभाग के गेट के पास सड़क धंस गयी है जिससे सीवर और पानी की लाइन प्रभावित हुई है। हालांकि जवाब से असंतुष्ट सचिव ने कार्यदायी एजेंसी को



नोटिस दी और उन्होंने सड़क धंसने से सीवर और पेयजल को दुरुस्त करने के लिये आवश्यक निर्देश दिया साथ ही उन्होंने चेतावनी भी दी थी सड़क अभी निर्माणाधीन है और इसकी गुणवत्ता बनाते हुये कार्य पूर्ण किया जाय। सड़क मरम्मत से पहले सीवर और पेयजल लाइन से हो रही लिकेज भी दुरुस्त किया जाय। ऐसा न होने पर संबंधित एजेंसी के खिलाफ विभागीय कड़ी कारखाई की जायेगी। सचिव के निरीक्षण में आसपास के लोग भी जमा हो गये और उन्होंने क्षतिग्रस्त सड़क, सीवर और पेयजल के विषय में जानकारी दी।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 14.07.2024

### विकास प्राधिकरण के सचिव ने किया निरीक्षण

वाराणसी। सारनाथ से बरईपुर जाने वाले मार्ग पर वन विभाग गेट के सामने धंसी सड़क का वाराणसी विकास प्राधिकरण के सचिव महोदय द्वारा निरक्षण किया गया। मौके पे कार्यदायी एजेंसी केके कंस्ट्रक्शन को नोटिस दिया तथा साथ में जवाब भी मांगा गया। जवाब संतोषजनक नहीं मिलने पर



कठोरात्मक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सड़क के निर्माण कार्यों की जांच रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने बताया कि जहां पर सड़क धंसी है वहां नीचे सीवर और पेयजल की लाइन गई है। जिसमें हुए लीकेज के चलते वहां की मिट्टी धंस गई। क्योंकि यह सड़क अभी निर्माणाधीन है। कार्यदायी एजेंसी को हिदायत दी गई कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता बनाए रखते हुए सड़क निर्माण कार्य को समय से पूरा कराये। नही तो आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए धंसी सड़क को चलने लायक बनाने को कहा।

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 14.07.2024

### वरईपुर में नवनिर्मित सड़क धंसी



जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। सारनाथ वार्ड के वरईपुर क्षेत्र में नवनिर्मित सड़क के दो सप्ताह में ही धस जाने से वाहन उलट गया और घंटो फसा रहा। इससे यातायात घंटो बाधित रहा और लोग काफी परेशान रहे। इसको लेकर वीडीए कार्यदायी संस्था के लापरवाह कार्यों को लेकर जबरदस्त एक्शन में हैं।

इसकी जानकारी होने पर वीडीए सचिव वेद प्रकाश मिश्र लावलश्कर के साथ शनिवार को अचानक वहां पहुंचे। जहां औचक निरीक्षण किया और धसी सड़क की वर्तमान स्थिति को देखा। उन्होंने निर्माण कार्य में में लापरवाही बरतने और गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य नही किये जाने पर जहां कार्यदायी संस्था

**खस्ताहाली**

**पलटा वाहन, वीडीए ने दी नोटिस, मांगा जबाब**

**वीडीए सचिव ने किया औचक निरीक्षण, कार्यदायी संस्था को लगाई फटकार**

को फटकार लगाई, वहीं उसे नोटिस जारी कर जबाब भी मांगा। सचिव ने मानक के विपरित कार्य किये जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए कार्यदायी संस्था के. के .कट्रिक्शन के प्रोजेक्ट मैनेजर से कार्य में सुधार लाने की चेतावनी देते हुए कहा कि इसे जल्द ठीक नही किया गया और समय से कार्य नही हुआ तो सख्त कारवाई की जायेगी।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

## न्यायाधीश–दि0 14.07.2024

### सचिव वाविप्रा द्वारा किया गया वन विभाग गेट के सामने धंसी सड़क का निरीक्षण

वाराणसी।सारनाथ से बरईपुर जाने वाले मार्ग पर वन विभाग गेट के सामने धंसी सड़क का वाराणसी विकास प्राधिकरण के सचिव द्वारा निरक्षण किया गया। मौके पे कार्यदायी एजेंसी केके कंस्ट्रक्शन को नोटिस दिया तथा साथ में जवाब भी मांगा गया। जवाब संतोषजनक



नहीं मिलने पर कठोरात्मक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सड़क के निर्माण कार्यों की जांच रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने बताया कि जहां पर सड़क धंसी है वहां नीचे सीवर और पेयजल की लाइन गई है। जिसमें हुए लीकेज के चलते वहां की मिट्टी धंस गई। क्योंकि यह सड़क अभी निर्माणाधीन है। कार्यदायी एजेंसी को हिदायत दी गई कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता बनाए रखते हुए सड़क निर्माण कार्य को समय से पूरा कराये। नही तो आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए धंसी सड़क को चलने लायक बनाने को कहा।

## तरूणमित्र न्यूज–दि0 14.07.2024

### सड़क धसने के मामले में कार्यदाई संस्था पर लगा 50 लाख का जुर्माना, नोटिस हुई जारी

**तरूणमित्र न्यूज**



सड़क धसने के मामले में वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा द्वारा एक दिन पूर्व किया गया था मुआयना

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के सचिव डॉ वेद प्रकाश मिश्रा द्वारा सारनाथ से बरईपुर जाने वाले मार्ग पर वन विभाग गेट के सामने धंसी सड़क का शनिवार को निरीक्षण किया गया था। जिसमे केके कंस्ट्रिक्शन से नोटिस देकर जवाब भी मांगा गया तथा सचिव द्वारा सख्त हिदायत दिया गया था की संतोषजनक जवाब न मिलने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। जिसके क्रम में रविवार को कार्यदयी संस्था के0के0 कंस्ट्रक्शन को 50 लाख का जुर्माना लगाते हुए एफआईआर दर्ज करने तथा ब्लैकलिस्ट क्यों न किया जाए का नोटिस दिया गया।